दिनांक 15.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ महापौर देवेन्द्र यादव जन सामान्य में प्रत्यक्ष भेंट करने शुक्रवार से विभिन्न वार्डों के भ्रमण कर मोहल्ले तथा वार्ड में व्याप्त नागरिक समस्याओं का अवलोकन करने की शुरुवात करते हुए प्रातः 10 बजे कुरुद पहुंचे तो वार्ड 16 के पार्षद सुशीला देवांगन के साथ वार्ड के नागरिकों ने महापौर का स्वागत कर प्रसन्नता व्यक्त किया कि वार्ड की समस्या को जानने आप स्वयं अधिकारियों के साथ पहुंचे हैं और नागरिकों ने सर्वप्रथम कुरुद बस्ती में स्थित तालाब का निरीक्षण करने का आग्रह किया महापौर नागरिकों के साथ तालाब पहुंचे तो नागरिकों ने बताया कि उक्त तालाब में खटाल का द्रुषित जल बहाया जा रहा है तथा पालतु जानवरों को नहलाया जाता है जिसे तुरंत रोका जाये।

महापौर ने उपस्थित जोन आयुक्त आर.के. पदमवार, अभियंता अरविन्द शर्मा, बी.के. सिंह को निर्देश देते हुए कहा कि तालाब को सुरक्षित करने के लिए फेंसिंग गलावें तथा निस्तारी जल जो तालाब में बहाया जा रहा है उसे तुरंत रोके। महापौर ने कहा कि घनी आबादी के बीच चल रहे खटालों के विरुद्ध चल रहे कार्यवाही के तहत् खटाल पर कार्यवाही करें।

पार्षद सुशीला देवांगन ने वार्ड में व्याप्त बिजली, पानी, एवं सफाई की समस्या से महापौर को अवगत कराया नागरिकों ने महापौर को जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड में द्रुषित पानी का उपयोग निस्तारी हेतु किया जा रहा है। महापौर यादव ने नागरिकों को बताया कि पानी की समस्या सहित वार्ड में व्याप्त अन्य समस्याओं के निराकरण करने के लिए योजना तैयार कर राज्य शासन को भेजा गया है। जिसकी स्वीकृति मिलते ही वार्ड में तेजी से विकास कार्य किये जायेंगे। सभी वार्डों के विद्युत पोल में एलईडी लाईट लगाने का कार्य किया जा रहा है शीघ्र ही विद्युत पोल में लगाया जायेगा तो आगे प्रकाश की समस्या समाप्त हो जायेगी।

स्वच्छता निरीक्षक महेश पाण्डेय को निर्देश देते हुए महापौर ने कहा कि कुरुद के हर नाली तथा गली का विशेष गैंग लगाकर सफाई करें।

महापौर देवेन्द्र यादव नागरिकों से मिलने तथा वार्डों में व्याप्त समस्याओं के प्रत्यक्ष अवलोकन के लिए वार्ड में चौपाल लगाने के कार्यक्रम के तहत् 16 दिसम्बर को वार्ड 38 शहीद वीर नारायण सिंह नगर, 19 दिसम्बर को वार्ड 65 सेक्टर–07 पूर्व एवं पश्चिम, 20 दिसम्बर को वार्ड 42 नेवई भाठा एवं वार्ड 43 स्टेशन मरोदा, 21 दिसम्बर को वार्ड 20 प्रगति नगर व वार्ड 21 सुन्दर नगर, 22 दिसम्बर को वार्ड 6 सुपेला एवं 23 दिसम्बर को वार्ड 53 सेक्टर 5 पूर्व एवं पश्चिम को प्रातः 10 बजे भ्रमण करेंगे।

महापौर के साथ भ्रमण में प्रदीप, अनिल मिश्रा, कुलदीप, गंगा वर्मा, के.एल. वर्मा, अर्जुन निषाद, प्रशांत वर्मा, गरीबा साहू, अवधे देवांगन, प्यारी साहू, गोविन्द देशलहरे, खेमलाल प्रिमला यादव, हीरामणी, कुन्ती बाई, लीला आदि उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी